स्वतंत्रता दिवस पर पौधारोपण करते हुए कुलपति डा. रणपाल सिंह। • विज्ञप्ति

सीआरएसयू में बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई

जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आजादी के 75 साल पूरे होने पर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन पहुंचे। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम बलिदानी कैप्टन पवन खटकड व चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके शहीद वीरों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अतिथि के रूप में डीएवी स्कूल के क्षेत्रिय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी, सेवानिवृत्त सैनिक डा. राजेंद्र, कैप्टन सतवीर सिंह, सूबेदार दयानंद, हवलदार भीम सिंह, हवलदार रामहेर पहुंचे। सहायक प्राध्यापक डा. भावना, डा. कृष्ण कुमार व डा. कविता और संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत व डांस के माध्यम से भारतीय वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी।

सी.आर.एस.यू. में मनाया स्वतंत्रता दिवस

आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में आजादी के 75 साल पूरे होने पर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन ने शिरकत की।

वीसी डॉ. रणपाल सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा झंडा फहराया। विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम शहीद कैप्टन पवन खटकड़ और चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके शहीद वीरों को श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर अतिथि के रूप में डी.ए.वी. स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी और सेवानिवृत्त सैनिक डॉ. राजेंद्र, कैप्टन सतबीर सिंह, सूबेदार दयानंद, हवलदार भीम सिंह, हवलदार राममहेर आदि पहुंचे।